# कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख जिला सागर(म0प्र0)

क्र0 1969/अ.भू.अ./स.अ.भू.अ./सीमांकन/2021 सागर दिनांक 27/09/2021

प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय
(नजूल),
जिला सागर(म0प्र0)

विषय :– सागर तालाब(लाखा बंजारा झील) का सीमांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने वावत्।

संदर्भ :– श्रीमान कलेक्टर महोदय सागर का आदेश क्र0 6513/रीडर-नजूल/2021 सागर दिनांक 25/06/2021

विषयांतर्गत संदर्भित आदेश के परिपालन में अनुरोध है कि मौजा सागर खास स्थित लाखा बंजारा झील की भूमि खसरा नं0 435/1 एवं 437/2 रकवा क्रमशः 131.805 हे0 एवं 27.393 हे0 का सीमांकन कार्य ई0टी0एस0 मशीन की सहायता से श्रीमान के आदेशानुसार गठित 25 अधिकारी/कर्मचारियों की टीम द्वारा प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 06.07.2021 के द्वारा सार्वजनिक सूचना प्रकाशन उपरांत सीमांकन कार्य दिनांक 07/07/2021 से प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम छोटा तालाब भूमि खसरा 437/2 का सीमांकन भूमिस्वामी स्वत्व के खसरा नं0 438 पर स्थित कुंआ को आधार बनाकर सीमांकन कार्य प्रारंभ किया गया। इस प्रकार खसरा नं0 437/2 की सीमाओं का निर्धारण किया गया तथा अतिक्रामकों की सूची तैयार की गई। इन्हीं चांदों तथा म्युनिसिपल स्कूल तीन बत्ती के प्रांगण में स्थित ख0नं0 154/1, 154/4(154/4 से लगकर ) मौके पर उपलब्ध एवं नक्शे में बने कुंओं को आधार बनाकर बड़ा तालाब खसरा नं0 435/1 की सीमाओं का निर्धारण ई0टी0एस0 मशीन से करते हुए निशानात लगवाये गये। सीमांकन के दौरान नगर निगम सागर का अमला भी मौके पर उपस्थित रहा। भूमि खसरा नं0 435/1 बड़ा तालाब के उत्तरी एवं पश्चिमी भाग में पक्के स्थाई निर्माण होने से परमानेन्ट मार्कर से चिन्ह लगाकर तालाब की सीमा का निर्धारण किया गया। इसमें पाये गये अतिक्रमणों को नाप कर सूची तैयार की गई। जो कि पंचनामा में उल्लेखित है। खसरा नं0 435/1 में 35 अतिक्रामकों का रकवा 4607 वर्गमीटर पर तथा खसरा नं0 437/2 में 1 अतिक्रामक का रकवा 840 वर्गमीटर पर अतिक्रमण पाया गया। इस प्रकार खसरा नं0 435/1 एवं 437/2 के कुल रकवा 159.198 हे0 में से 5447 वर्गमीटर पर कुल 36 अतिक्रामकों का अतिक्रमण पाया गया। सीमांकन कार्य के दौरान पक्षकारगणों आपत्तिकर्ता क्रमशः एड. निशांत दुवे द्वारा श्री कौशलकिशोर दुवे निवासी शनिचरी वार्ड सागर, श्रीमति कुसुमलता गुरू नि0 परकोटा वार्ड सागर, श्रीमति रेखा यादव परकोटा वार्ड सागर द्वारा प्रस्तुत आपत्तियां एवं दस्तावेज प्रतिवेदन के साथ संलग्न हैं।

अतः प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर संप्रेषित है।

संलग्न :–

1. ई0टी0एस0 मशीन की फील्डबुक एवं नक्शा।
2. आदेश की छायाप्रति।
3. प्रेस विज्ञप्ति की छायाप्रति।
4. स्थल पंचनामा।
5. अतिक्रामकों की सूची।
6. आपत्तियां मय दस्तावेज।

कुल (471) पृष्ठ

नायब तहसीलदार
सुरखी तह0 सागर

अधीक्षक
भू-अभिलेख जिला सागर

# लाखा बंजारा तालाब सागर की सीमा में अतिक्रमणकारियों की सूची

| क्रमांक | खसरा नं. | नाम | रकवा वर्गमीटर में लं. x चौ. | मकान/बाड़ा/खुली जगह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 435/1 | श्री संतोष रामशंकर/कन्छेदी तिवारी | 6 x 12 = 72 | मकान |
| 2 | 435/1 | श्री राजन / राजेन्द्र केशरवानी गांधी नेत्र चिकत्सालय | 6 x 27 = 162 | मकान |
| 3 | 435/1 | श्री सुधीर / लक्ष्मीनारायण यादव | 6 x 9 = 54 | मकान |
| 4 | 435/1 | वंदना भवन (संघ कार्यालय) | 8 x 34 = 272 | मकान एवं खाली जगह |
| 5 | 435/1 | श्रीमति कुसुमलता / मनोहरलाल गुरू | 8 x 15.50 = 124 | मकान |
| 6 | 435/1 | श्री सीताराम / राजाराम गुरू | 11 x 16 = 176 | मकान |
| 7 | 435/1 | श्री परसोत्तम / शिवनारायण गुरू (मधुसूदन / मनोहरलाल गुरू) | 17 x 8 = 136 | खाली |
| 8 | 435/1 | श्री चंद्रभान / गोरीशंकर गौतम | 7 x 25 = 175 | खाली |
| 9 | 435/1 | श्री मुकेश / रामनारायण पाण्डे | 9 x 9 = 81 | मकान |
| 10 | 435/1 | श्री बृजबिहारी / दुर्गाप्रसाद<br>श्री मति चंद्रवति /जयनारायण पाण्डे | 8 x 15 = 120 | मकान |
| 11 | 435/1 | श्री हरिनारायण यादव | 05 x 25 = 125 | फाउण्डेशन |
| 12 | 435/1 | श्री अरूण कुमार नंदकिशोर / जमनाप्रसाद | 4 x 27 = 108 | मकान |
| 13 | 435/1 | श्री गगन कृष्ण गंगेले | 6 x 3 = 18 | मकान |
| 14 | 435/1 | श्री महेश / शंकर लाल चौरसिया | 9 x 12 = 108 | बाडा एवं कुंआ |
| 15 | 435/1 | श्री मानक लखारया (कोष्टी) | 9 x 12 = 108 | बाडा |
| 16 | 435/1 | श्री मुन्ना / पंचमलाल रैकवार | 1 x 9 = 9 | मकान |
| 17 | 435/1 | श्री लक्ष्मीनारायण / बालकृष्ण कोष्टी | 2 x 12 = 24 | मकान |
| 18 | 435/1 | श्री नरेन्द्र / खुमान रैकवार | 6 x 3 = 18 | मकान |
| 19 | 435/1 | श्री महेन्द्र / तेजराम रैकवार | 12 x 9 = 108 | दीवार बनाकर |
| 20 | 435/1 | श्री रामेन्द्र / लाडले रैकवार | 8 x 12 = 96 | मकान |
| 21 | 435/1 | श्री मुन्ना / लाडले रैकवार | 8 x 12 = 96 | मकान |
| 22 | 435/1 | श्री सीताराम / लाडले रैकवार | 8 x 12 = 96 | मकान |
| 23 | 435/1 | श्री राजेश / लाडले रैकवार | 8 x 12 = 96 | मकान |
| 24 | 435/1 | धर्मशाला रैकवार समाज | 15 x 9 = 135 | मकान |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 435/1 | श्री संजीव / गिरधारी लाल रैकवार | 15 x 9 = 135 | मकान |
| 26 | 435/1 | श्री देवेन्द्र / शंकरलाल रैकवार | 15 x 9 = 135 | मकान |
| 27 | 435/1 | श्री अमित / पिम्मा रैकवार | 15 x 9 = 135 | मकान |
| 28 | 435/1 | श्री प्रमोद / हरी रैकवार | 15 x 9 = 135 | मकान |
| 29 | 435/1 | श्री विजय / सीताराम चौरसिया | 10 x 95 = 950 | खाली जगह फसल बोकर |
| 30 | 435/1 | गोपाल | 10 x 10 = 100 | फसल बोकर |
| 31 | 435/1 | उमाकांत | 10 x 10 = 100 | फसल बोकर |
| 32 | 435/1 | राकेश | 10 x 10 = 100 | टीन शेड |
| 33 | 435/1 | प्रफुल्ल तिवारी | 10 x 10 = 100 | खाली जगह |
| 34 | 435/1 | राजकुमार नामदेव | 10 x 10 = 100 | खाली जगह |
| 35 | 435/1 | घनश्याम पिता भगवानदास व अन्य 3 | 10 x 10 = 100 | फसल बोकर |
| 36 | 435 | राजेन्द्र दुबे | 7 x 120 = 840 | फसल बोकर |

# पंचनामा

(5)

आज दिनांक 15/09/2021 को पंचनामा लिखा गया कि मौजा
सागर खास प.ह. नं. 65/10 तहसील सागर जिला सागर की
भूमि खसरा नं. 435/1, 437/2 रकबा क्रमश: 131.8050 एवं
27.3930 कुल रकबा 159.198 हे. बडा तालाब एवं छोटा तालाब के
सीमांकन श्रीमान् कलेक्टर महोदय सागर, जिला सागर के आदे
क्रमांक 6513/रीडर-नजूल/2021 सागर दिनांक 25/06/2021 के
परिपालन मे गठित दल के द्वारा टी.एस.एम. मशीन द्वारा मौके
पर वर्तमान राजस्व अभिलेख (नक्शा) अनुसार श्रीमान कार्यालय
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सागर के पत्र क्रमांक 656/रीडर-
2021 सागर दिनांक 06/07/2021 के माध्यम से दैनिक समाचार पत्र
भास्कर दिनांक 07/07/2021 मे जनसंपर्क विभाग सागर द्वारा प्रेस
विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जाकर दिनांक 07.07.21 से 15/09/2021 तक किया गया।
मौके पर खसरा नं. 438, 154/4 एवं 154/1 (154/4 से लगकर) मे
नक्शे मे बने एवं मौके पर उपलब्ध प्राचीन कुओं को आधार बनाक
सीमांकन कार्य किया गया। मौके पर खसरा नं. 437/2 छोटा तालाब
एवं 435/1 बडा तालाब की भूमि पर वर्गमीटर की माप से श्री संतो
रामशंकर / कन्छेदी तिवारी (6×12=72 मकान), श्री राजन / राजेन्द्र केशर
गांधी नेत्र चिकित्सालय (6×27=162 मकान), श्री सुधीर / लक्ष्मीनारायण या
(6×9=54 मकान), वंदना भवन (संघकार्यालय) (8×34=272 मकान एवं
खुली जगह), कुसुमलता / मनोहर लाल गुरु (8×15.50=124 मकान) श्री सीत
/ राजाराम गुरु (11×16=176 मकान) श्री परसोत्तम / शिवनारायण गुरु (मधुस
पि. मनोहर लाल गुरु) (17×8=136 मकान) श्री चंद्रभान / गौरीशंकर (7×25=
खाली) मुकेश / रामनारायण पाण्डेय (9×9=81 मकान) श्री बृजबिहारी / दुर्गा
श्रीमति चंद्रवती / जमनाप्रसाद पाण्डेय (8×15=120 मकान) श्री हरिनारायण यादव
(05×25=125 (फाउण्डेशन)), श्री अरुण कुमार, नंदकिशोर / जमनाप्रसाद (4×27=
मकान) श्री गगन कृष्ण गंगोले (6×3=18 मकान) श्री महेश / शंकरलाल चौर
(9×12=108 बाडा एवं कुआ) श्री मानक लखरासा (कोष्टी) (9×12=108 बाडा,
श्री मुन्ना / पंचमलाल रैकवार (1×9=9 मकान), श्री लक्ष्मीनारायण / बालकृष्ण
कोष्टी (2×12=24 मकान) श्री नरेन्द्र / खुमान रैकवार (6×3=18 मकान) श्री महेन्द्र/
तेजराम रैकवार (12×9=108 दीवार बनाकर) श्री रामेन्द्र / लाडले रैकवार
(8×12=96 मकान) श्री मुन्ना / लाडले रैकवार (8×12=96 मकान) श्री सीताराम
लाडले रैकवार (8×12=96 मकान) श्री राजेश / लाडले रैकवार (8×12=96 मकान,
धर्मशाला रैकवार समाज (15×9=135 मकान) श्री संजीव / गिरधारी लाल रैकवा
(15×9=135 मकान) श्री देवेन्द्र / शंकरलाल रैकवार (15×9=135 मकान) श्री अभि
पिम्मा रैकवार (15×9=135 मकान) श्री प्रमोद / हरि रैकवार (15×9=135
मकान) श्री विजय / सीताराम चौरसिया (10×95=950 खाली जगह फस
बोकर), गोपाल (10×10=100 फसल बोकर), श्री उमाकांत (10×10=100 फसल
बोकर), श्री राकेश (10×10=100 टीनशेड), श्री प्रफुल्ल तिवारी (10×10=100 फस
बोकर), श्री राजकुमार नामदेव (10×10=100 फसल बोकर), श्री घनश्याम पिता
भगवानदास व अन्य 3 (10×10=100 फसल बोकर), श्री राजेन्द्र दुबे (7×120
840 फसल बोकर) का अतिक्रमण पाया गया जिसे परमानेंट मार्कर से
चिन्हांकित किया जाकर पृथक से सूची तैयार की गई।
पंचनामा स्थल पर लिखा जाकर उपस्थित व्यक्तियों के हस्ताक्षर
कराये गये।

Nagar Nigam

Anuj Dubey

नगर निगम

ब.पा.नि.

प्रमोद पाण्डेय

पटवारी-123

R.I. (P.T.S)

15/9/2021

पट. भू. अ.

T.C

# संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन

माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल सेट्रल जोन बैंच भोपाल के समक्ष प्रचलित प्रकरण क 43/20 जया ठाकुर विरूद्व म0प्र0 शासन एवं अन्य के परिपेक्ष्य में दिनांक 17/05/21 को पारित आदेश के परिपालन में मा0 न्यायालय द्वारा सागर नगर स्थित तालाब लाखा बंजारा झील की शासकीय भूमि पर आवासीय एवं व्यवसायिक अवैद्य निर्माण कर किए गए अतिकमण को हटाने एवं क्षेत्र को अतिकमण से बचाने हेतु राजस्व विभाग, वैटलैण्ड आर्थोरिटी एवं क्षेत्रिय अधिकारी म0प्र. नियत्रंण बोर्ड से एक एक प्रतिनिधि नामांकित कर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त आदेश के परिपालन के संबंध में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सागर के आदेश क0 596/नजूलशाखा/2021 सागर दिनांक 19/06/21 को जांच दल का गठन किया गया जिसमें नजूल अधिकारी सागर, राजस्व विभाग, अधीक्षक भू–अभिलेख सागर, वैटलैण्ड आर्थोरिटी के नामांकित प्रतिनिधि एवं क्षैत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदुषण बोर्ड को नामांकित किया गया। संलग्न–1

उक्त के परिपेक्ष्य मे शहरी क्षेत्र मे स्थित सागर तालाब का निरीक्षण एवं चारों ओर हो रहे अतिकमण के संबंध में संयुक्त दल द्वारा दिनांक 01/10/2021 को सागर तालाब के चारों ओर का निरीक्षण किया गया।

सागर तालाब सागर बंजारा झील के नाम से जाना जाता है जो सागर नगरीय क्षेत्र में स्थित है जिसका क्षेत्र लगभग 159.198 हेक्टेयर है सागर तालाब के चारों ओर सागर का शहरी क्षेत्र विकसित हुआ है जिसमें परकोटा एवं चकराघाट मुख्य रूप से है। सागर तालाब दो भागों में विभाजित है उत्तरी मुख्य तालाब है जिसमें तीन ओर सडक है। पश्चिम में घाट एवं सघन रिहायशी क्षेत्र तालाब से लगा हुआ है।

तालाब के भूमि खसरा न0 435/1 बडा तालाब के उत्तरी एवं पश्चिमी भाग में पक्के एवं स्थायी अतिकमण किए गए है जो लगभग 40 से 45 वर्ष पुराने है। अतिकमण के संबंध में विस्तृत जांच हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला सागर द्वारा आदेश क0 6513/रीडर–नजूल/2021 दिनांक 25/08/21 द्वारा तालाब के विस्तृत सर्वेक्षण सीमांकन तथा जल निकास के उपलब्ध सबसे पुराने रिकार्ड के आधार पर वास्तविक माप का सीमांकन एवं अतिकमण के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट दिए जाने हेतु 25 सदस्यीय

अधिकारी/ कर्मचारियों के दल का गठन किया गया था। संलग्न–2 उक्त दल द्वारा पत्र क0 1969 सागर दिनांक 27/09/21 द्वारा विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमे तालाब के खसरा क0 435/1 एवं 437/2 के कुल रकबा में से 5447 वर्ग मीटर पर कुल 36 अतिक्रमकों का अतिक्रमण पाया गया। विस्तृत प्रतिवेदन एवं अतिक्रमणकारियों की सूची संलग्न–3

वर्तमान सागर झील में सागर स्मार्ट सीटी मिशन के अंतर्गत तालाब में घरेलु दुषित जल से होने वाले प्रदुषण को रोकने हेतु डायवर्सन एवं सीवर लाईन का कार्य तालाब की डिसिल्टिंग का कार्य तथा तालाब के पुर्नरूद्वार का कार्य प्रगति पर है । तालाब का सम्पूर्ण जल खाली कर दिया गया है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान लिए गए फोटाग्राफ संलग्न है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

डॉ0 आर0के0 जैन
मुख्य रासायनज्ञ
म0प्र0 प्रदुषण नियंत्रब बोर्ड सागर

नजूल अधिकारी सागर

डॉ0 सुब्रतो पाणी
वैटलैण्ड आर्थॉरिटी अधिकारी

अधीक्षक
भू–अभिलेख सागर